आकाशवाणी केन्द्र शिमला

29.04.2025 / प्रादेशिक समाचार / 09.20 बजे

प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में  में युग्म सम्मेलन में भाग लेंगे। युग्म जिसका संस्कृत में अर्थ है संगम यह अपनी तरह का पहला महत्वपूर्ण नीतिगत सम्मेलन है जिसमें सरकार, शैक्षणिक क्षेत्र, उद्योग जगत और नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र से संबंधित दिग्गज शामिल होंगे। वाधवानी फाउंडेशन और सरकार के प्रतिष्ठानों के संयुक्त निवेश से लगभग एक हजार चार सौ करोड़ रुपये की सहयोगी परियोजना द्वारा संचालित यह आयोजन भारत की नवाचार यात्रा में उल्लेखनीय भूमिका निभाएगा।

हरोली उत्सव

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू आज ऊना जिले के तीन दिवसीय राज्यस्तरीय हरोली उत्सव के समापन समारोह की अध्यक्षता करेंगे। नशा निवारण थीम पर आधारित इस उत्सव के दौरान नशा मुक्त ऊना– नशा मुक्त हिमाचल का संदेश जन–जन तक पहुंचाने के लिए अनेक जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं।

इस बीच हरोली उत्सव की दूसरी सांस्कृतिक संध्या में उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदेश की प्रतिभाओं को बढ़ावा देने के उदेश्य से प्रदेश में हर बड़े आयोजन में एक सांस्कृतिक संध्या पूरी तरह हिमाचली कलाकारों को सौंपने की व्यवस्था बनाने पर जोर दिया जा रहा है।

शिक्षक संघ

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि अध्यापकों के सस्पेंशन का निर्णय शिक्षा विभाग का है और प्रदर्शन करना सभी का लोकतांत्रिक अधिकार भी है। रोहित ठाकुर ने शिमला में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि कुछ गलतफहमी हुई होगी जिसके चलते अध्यापकों का सचिव के खिलाफ रोष है हालांकि व्यक्तिगत टिप्पणियों और इस तरह के प्रदर्शन से अध्यापकों को भी बचना चाहिए।

दूसरी ओर प्राथमिक शिक्षक संघ ने शिक्षा निदेशालय परिसर में क्रमिक अनशन शुरू कर दिया है। संघ के प्रदेश अध्यक्ष जगदीश शर्मा ने कहा है कि जब तक सरकार उनकी मांगों पर विचार नहीं करती है तब तक यह अनशन जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि सरकार 9 सौ अध्यापकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की बात कर रही है जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।

परशुराम जयंती

आज भगवान परशुराम जयंती है। इस उपलक्ष्य पर राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल और मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम के बुद्धिमता, साहस और प्रतिबद्धता के गुण अनुकरणीय हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी शिक्षाएं, न्यायप्रियता और आत्म अनुशासन के मूल्य आज भी प्रेरक हैं।

मांग

जम्मू कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले को देखते हुए चम्बा जिला के लोगों ने चिंता जताई है। समाज सेवी मनीष सरीन ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि प्रदेश में पर्यटन सीजन चल रहा है ऐसे में उन्होंने जम्मू कश्मीर के साथ लगती चम्बा जिला की सीमाओं में चौकसी बढ़ाने और जिला के पर्यटन स्थल डलहौजी व खजियार में केंद्रीय सुरक्षा बलों की तैनाती करने की मांग सरकार से की है ताकि यहां आने वाले पर्यटकों को सुरक्षा मुहैया करवाई जा सके।

और अब सुर्खियां समाचार पत्रों से..............

आज अधिकतर समाचार पत्रों ने अलग –अलग ख़बरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

अमर उजाला की सुर्खी है–बिलासपुर के बागवान हरिमन शर्मा ने राष्ट्रपति से नंगे पांव लिया पद्मश्री अवॉर्ड। दिव्य हिमाचल लिखता है–हरिमन शर्मा पदमश्री से सुशोभित।

पंजाब केसरी मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के हवाले से लिखता है–शानन प्रोजैक्ट हमारा अधिकार।

दैनिक जागरण का शीर्षक है–चार और प्राथमिक शिक्षक निलंबित स्कूलों में हाजिरी का रिकार्ड तलब। मौसम पर आपका फैसला के शब्द हैं–हिमाचल प्रदेश में दो दिन तक गर्म हवाएं चलने का यलो अलर्ट।